# कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)
## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार

दिनांक: 26 अगस्त 2022

संदर्भ: PAD-2021-22-000038

1. एपीडा अपने क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी में वरिष्ठ सलाहकार के पद के लिए उपयुक्त व्यक्ति की सेवाएं लेने पर विचार कर रहा है। पद एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर भरा जाएगा (1 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है)।

2. आवेदक द्वारा केवल एक ही आवेदन को प्रस्तुत किया जाए। एक से अधिक आवेदन करने पर उसे अस्वीकृत किया जा सकता है।

3. केवल आवेदन जमा करने से आवेदक को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने की पुष्टि नहीं होगी।

4. केवल निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाए।

5. आवेदन को एक लिफाफे में रख कर उस लिफाफे पर **"गुवाहाटी, क्षेत्रीय कार्यालय में वरिष्ठ सलाहकार के पद के लिए आवेदन "** लिखें, इस लिफाफे को रजिस्टर्ड पोस्ट/ स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत रूप से सहायक महाप्रबंधक, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा), हाउसफेड कॉम्प्लेक्स, वेस्ट एंड ब्लॉक बिल्डिंग, चौथी मंजिल, बेलटोला-बशिष्ठ रोड, दिसपुर, गुवाहाटी, पिन - 781006, असम, पते पर **15 सितम्बर, 2022 को शाम 17:00 बजे** तक भेंजे।

6. सक्षम प्राधिकारी के पास अपने विवेक से किसी भी आवेदन / उम्मीदवारी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है और इस संबंध में आवेदक से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी प्रशासनिक कारणों से किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया को रोकने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है और इस संबंध में आवेदक से किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। केवल आवेदन जमा करने से उम्मीदवार को चयन का अधिकार नहीं मिल जाएगा।

7. अपूर्ण / अहस्ताक्षरित आवेदन और आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को उम्मीदवार को कोई सूचना दिए बिना सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

8. गलत घोषणा/झूठी जानकारी जमा करने या कानून के विपरीत कोई अन्य कार्रवाई होने की स्थिति में किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा।

9. नियुक्ति, योग्यता, अनुभव आदि के लिए पद और नियम एवं शर्तों का विवरण निम्नानुसार है:-

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **ब्योरा** |
|---|---|---|
| 1) | पद का नाम | वरिष्ठ सलाहकार |
| 2) | पदों की संख्या | 01 |
| 3) | नियुक्ति का स्थान | एपीडा क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी |
| 4) | नियुक्ति की प्रणाली | 1 वर्ष का अल्पकालिक अनुबंध (1 वर्ष तक विस्तार योग्य) |
| 5) | शैक्षिक योग्यता | कृषि/बागवानी/खाद्य विज्ञान/खाद्य प्रौद्योगिकी/खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी/कृषि व्यवसाय प्रबंधन में एमबीए/विदेश व्यापार में एमबीए/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में एमबीए में यूजीसी मान्यता प्राप्त स्नातकोत्तर डिग्री।<br><br>**टिप्पणी:** ऊपर उल्लिखित एमबीए योग्यता के संबंध में, स्नातक स्तर पर यूजीसी से मान्यता प्राप्त बीएससी कृषि / बीएससी बागवानी की डिग्री पूरी करने के बाद उक्त एमबीए करने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 6) | अनुभव | उपरोक्त वर्णित आवश्यक पीजी डिग्री को पूरा करने के बाद कृषि/खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव<br>कृषि निर्यात / अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में कम से कम दो साल का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। |
| 7) | वांछित | कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान हो। |
| 8) | आयु सीमा | अधिकतम 40 वर्ष |
| 9) | पारिश्रमिक(प्रति माह) | ₹ 80,000/- (अस्सी हजार रुपये) प्रति माह (समेकित) प्लस लागू कर।<br>एपीडा में सहायक महाप्रबंधक के स्तर के अधिकारियों के समकक्ष टीए/डीए। (10% की वार्षिक वृद्धि) |

**टिप्पणी: शैक्षिक योग्यता और अनुभव की पात्रता शर्तों को तय करने की कट-ऑफ तिथि आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि (15 सितंबर 2022) होगी।**

**कार्य-क्षेत्र:**

1. कृषि निर्यात पर गुवाहाटी के क्षेत्रीय प्रभारी की सहायता करना।

2. क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में भागीदारी का समर्थन और आयोजन करना। क्रेता विक्रेता बैठक , आठ (8) उत्तर पूर्वी राज्यों (अरुणाचल प्रदेश , असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम) की राज्यों की राजधानियों में निर्यात कार्यशाला।

3. एनईआर राज्यों से जैविक उत्पादों , जीआई उत्पादों, सूअर पालन और पशु उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए समर्थन करना।

4. राज्य जैविक मिशन, राज्य सरकार, केंद्र सरकार की एजेंसियों, कमोडिटी बोर्ड, सभी चैंबर्स (आईसीसी, फिक्की, फाइनर, एसोचैम, सीआईएल, पीएचडी आदि), पंजीकृत एफपीसी, आउटरीच कार्यक्रम में शामिल होने वाली राज्य एपीसी जैसी एजेंसियों के साथ मिलकर काम करना।

5. उन मामलों से निपटना जो उत्पादन / उच्च मूल्य वाले उत्पादों पर उनके कटाई सत्रों के आधार पर चरणों में कार्यक्रम आयोजित करने से संबंधित है।

6. गुणवत्ता निर्यात के लिए उत्पादकों, निर्यातकों, प्रसंस्करणकर्ताओं, अन्य हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करना।

7. वस्तुओं की पहचान के लिए आवश्यक रणनीति तैयार करना , संकेंद्रित समूहों में प्रमात्रा उत्पादन सुनिश्चित करना, निर्यात के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए प्रौद्योगिकी विकास संस्थानों के साथ समन्वय करना।

8. वस्तुओं के परिवहन व पैक हाउस, कोल्ड स्टोरेज, सरकार की सुविधाओं/योजनाओं के लिए केंद्र/राज्य सरकार से निधियों का उपयोग करके वैन जैसी बुनियादी सुविधाओं के सृजन के लिए निर्यातक/लॉजिस्टिक प्रदाताओं के साथ संपर्क करना।

9. पूर्वोत्तर राज्यों में टैग किए गए उत्पादों और अन्य कृषि और बागवानी फसलों के जीआई (भौगोलिक संकेत) के विपणन से संबंधित गतिविधियों को शुरू करना।

10. एफपीसी/निर्यातकों को बाजार से सहबद्ध करना।

11. सलाहकार को किसी भी अन्य असाइनमेंट को संभालने के लिए तैयार रहना जो उसकी अनुबंध अवधि के दौरान आ सकता है।

# आवेदन प्रपत्र

| | |
|---|---|
| 1. जिस पद के लिए आवेदन किया गया | वरिष्ठ सलाहकार |
| 2. आवेदक का नाम (बड़े अक्षरों में) | |
| 3. पिता/ पति का नाम | |
| 4. वैवाहिक स्थिति | |
| 5. संपर्क हेतु वर्तमान डाक पता<br>(पिन कोड के साथ बड़े अक्षरों में) | |
| 6. (क) टेलीफोन नं. (एसटीडी कोड के साथ)<br>(ख) मोबाइल नं.<br>(ग) ई-मेल आईडी | |
| 7. स्थाई पता | |
| 8. जन्म तिथि | |
| 9. राष्ट्रीयता | |
| 10. श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी) | |

11. माध्यमिक शिक्षा **से शुरू कर** शैक्षिक योग्यता:

(कृपया प्रमाणपत्रों/अंकपत्रों की सत्यापित फोटोकॉपी संलग्न करें)

| परीक्षा / डिग्री | विश्वविद्यालय/ बोर्ड | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अंक/डिवीजन का % | अध्ययन किए गए विषय |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

12. अनुभव (कृपया नवीनतम से शुरू करें):

| नियोक्ता का नाम | धारित पद | अवधि | | ग्रेड पे और बेसिक पे / सीटीसी के साथ वेतनमान / वेतन बैंड | कार्य की प्रकृति (यदि आवश्यक हो तो कृपया अलग शीट संलग्न करें) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12 (क) क्या आपके पास कृषि निर्यात/अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में दो वर्ष का अनुभव हैं? यदि हां, तो कृपया नीचे दिए गए विवरण का उल्लेख करें:

| | |
|---|---|
| 13. क्या आपको कभी किसी पद से बर्खास्त/दंड/निलंबित किया गया है? यदि हां, तो कारण बताएं: | |
| 14. अतिरिक्त जानकारी , यदि कोई हो , जिसका उल्लेख आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में करना चाहेंगे। यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें। | |

घोषणा:

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण हैं। इसके अतिरिक्त, मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि किसी भी समय मेरे द्वारा उपलब्ध किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाया/गलत पाया जाता है, मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति को बिना किसी सूचना के सरसरी तौर पर समाप्त कर दिया जाएगा।

स्थान-

तिथि-